एक नजर में

हिंदू सम्मेलन हेतु शोभा यात्रा व ध्वजा रोहण आज

सुठालिया 27 दिसम्बर, सं. नगर में आगामी 4 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन व इस की जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन विशाल शोभायात्रा आज रविवार को निकाली जाएगी. भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किये व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया. शोभायात्रा रविवार दोपहर बारह बजे नगर के बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू होगी इसके पहले यहां नगर के विभिन्न क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल होगी शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचेगी जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया जाएगा.

सलाहकार समिति की बैठक 29 दिसम्बर को

राजगढ़ 27 दिसम्बर, का. पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्यों की बैठक 29 दिसम्बर, 2025 को सायं 04 बजे से स्थानीय कार्यालय में आयोजित की जाएगी. बैठक में बेटी बचाओं अभियान, जिले में स्थापित सोनोग्राफी मशीनों, सोनोग्राफी सेंटर पर निगरानी हेतु समिति के गठन एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने सभी से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने की अपेक्षा की है.

वीर बाल दिवस मनाया

तलेन 27 दिसम्बर, सं. पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में वीर बाल दिवस श्री गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की. विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें प्रश्न मंच ,गीत कार्यक्रम विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए. प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय हाई स्कूल बावड़ीखेड़ा, द्वितीय स्थान, सरस्वती उच्च विद्या मंदिर तलेन एवं तृतीय स्थान सर्वोदय पब्लिक स्कूल प्राप्त किया. पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीमों को पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार, गोपाल कृष्ण यादव, श्रीमती स्नेहलता तिवारी, प्रमोद सिंह पंवार, ओम प्रकाश सक्सेना, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, राम कृष्ण यादव, आशीर्वाद यादव समस्त विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया.

राजगढ़ कॉलेज में मनाया गया वीर बाल दिवस

राजगढ़ 27 दिसम्बर, का. वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में श्रद्धा, गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस दसवें सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबज़ादों के अद्वितीय बलिदान विशेषकर बाबा ज़ोरावर सिंह (9 वर्ष) एवं बाबा फ़तेह सिंह 7 वर्ष की अमर स्मृति को समर्पित है. कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे ने संबोधित किया.

अपनी जान-माल बचाने ऊंची करनी पड़ी दीवार

पुलिस खाली हाथ : सुठालिया में16 और सारंगपुर में 6 डकैतों द्वारा वारदातों के बाद व्यापारियों ने खुद किए सुरक्षा इंतजाम

नवभारत टीम

राजगढ़, सुठालिया, सारंगपुर 27 दिसम्बर, का. बीती बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात एक दर्जन डकैतों द्वारा राजगढ़ में खौफ और लूट बरपाने के बाद जिले में व्यापारियों में अपने जान और माल सहित अपनों की सुरक्षा को लेकर चिंता फिर से सताने लगी है. जिले में बीते जुलाई से लेकर अब तक यह तीसरी घटना है जिसमें अपराधी योजनाबद्ध तरीके से संगठित होकर शोर मचाते हुए डकैती और हमला बोल देते है. घटना को अंजाम देने के बाद वे ऐसे गायब होते है कि पुलिस हाथ मलती रह जाती है.

8 जुलाई को सुठालिया और 5-6 नवंबर को सारंगपुर में हुई घटनाओं के बाद व्यापारियों ने पुलिस से उम्मीद छोड़ते हुए खुद अपने जान और माल की हिफाजत के लिए कदम उठाए है. कुछ इसी तर्ज पर राजगढ़ के व्यापारी भी काम शुरू कर रहे है. सूत्रों के अनुसार जल्द राजगढ़ में व्यापारी संगठन बैठक कर बड़ा निर्णय ले सकता है. जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने 5 टीमों को अपराधियों की धर पकड़ के लिए तैनात किया है. फॉरेंसिक, सायबर टीम इसमें काम कर रही है. इस खतरनाक हथियारबंद अपराधी यदि पकड़े नहीं गए तो जिले में सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लग जाएगा.

जब-जब चोरी हुई, दीवार ही ऊंची करनी पड़ी, नहीं पकड़ाए अपराधी

सारंगपुर. घटना के बाद दीवार की इस तरह हाईट बढ़ाई.

वारदात के बाद दुकान शिफ्ट की, सीसीटीवी बढ़ाए और निजी चौकीदार तैनात किया

बीते 8 जुलाई 2025 की रात हमारे आवास के पास 16 लोग हथियारों के साथ चेहरा ढंके पहुंचे. वे सीसीटीवी में कैद हुए है. हमारा सौभाग्य था कि उस रात को बड़ी घटना नहीं हुई. मैने अपना प्रतिष्ठान अन्य जगह शिफ्ट कर लिया है. हम व्यापारियों 3-3 सौ रूपए मिलाकर चौकीदार रखा है. मैने सीसी कैमरे 8 एडवांस लगा लिए है. 5 महीने बाद भी गिरोह पकड़ा नहीं गया है.

करण स्वर्णकार, व्यवसायी सुठालिया

पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ पाई, हमने ही दीवार ऊंची कर ली



5-6 नवंबर को बदमाश दीवार फांदकर घुसे, गुलेल से हमला किया. हमारी सजगता रही की बड़ी अनहोनी से बच गए. एक आरोपी हमने पकड़कर पुलिस को सौंपा लेकिन बाकी को पुलिस नहीं पकड़ पाई. मजबूरन हमने ही अपनी दीवार को ऊंचा कर लिया. पुलिस अब भी खाली हाथ है.

गोकुल दण्डवानी, वरिष्ठ व्यवसायी सारंगपुर

ब्यावरा में डेढ़ साल पहले प्रतिष्ठान पर हमले के बाद व्यापारी ने रखे सुरक्षा गार्ड

ऐसा ही मामला ब्यावरा में भी सामने आया है. विष्णुमंगल नामक फर्म पर करीब डेढ़ साल पहले इसी तरह बदमाशों ने हमला किया था. घटना के बाद पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी. व्यापारी ने अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा के लिए दो अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड और ग्रिल आदि लगवाई. ब्यावरा में व्यापारियों के अनुसार वह बड़ी घटना थी. आज तब आरोपियों का सुराग नहीं लगा है. व्यापारियों ने ब्यावरा में अपने स्तर पर सुरक्षा गार्ड रखे हुए है. जिले भर के व्यापारियों ने राजगढ़ की घटना की कड़ी भर्त्सना की है.

जहां से डकैत नगर में घुसे, उसे चेक प्वाइंट बनाया

बीते दो दिनों से पुलिस अपराधियों का सुराग लगाने में लगी है. पुलिस ने स्थानीय स्तर पर जांच शुरू की है. कुल 12 अपराधी शहर में प्रवेश कर गए थे. मोबाईल सर्विलांस के आधार पर संभवत: पुलिस उनकी मूवमेंट तलाश रही है. संकटमोचन बड़ली और मुक्तिधाम के जोड़ पर भगवती ढाबे के सामने पुलिस ने बाईक सवारों को रोका, उनके रजिस्ट्रेशन कार्ड चैक किए, मोबाईल नंबर लिए और आधार कार्ड चैक किए. पुलिस ने कारों और ट्रकों को भी रोका और उनसे पूछताछ की.



राजगढ़. नेशनल हाईवे पर जांच करती हुई पुलिस की टीम.

नवाचार, संवाद और संवेदनशील नेतृत्व से राजगढ़ में सुशासन की मजबूत नींव

राजगढ़ 27 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार एवं पूर्व कलेक्टुर, उज्जै न संभाग के पूर्व कमिश्नर सीएम ओएसडी श्री आनंद शर्मा की अध्य क्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में जिला स्तकरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से जिले में सुशासन स्थापित करने हेतु किए गए नवाचारों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया. उन्होंने जिले में संचालित प्रमुख पहलों जैसे संवाद से समाधान, आधारभूत संरचना का विकास, जनसुनवाई व्यवस्था में सुधार, प्रशासनिक पारदर्शिता एवं सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाने से संबंधित कार्यों की विस्तृरत जानकारी दी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि इन प्रयासों से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान संभव हुआ है।साथ ही स्कूलों और छात्रावासों में आधार और ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। जिससे छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके। जिले में वृद्धाश्रम में सुधार के कार्य किए जा रहे है. जिसमें कुछ समय पूर्व ही वृद्धाआश्रम में निवासरत वरिष्ठध नागरिकों के लिए विशेष धार्मिक यात्रा की पहल की गई. जिसमें वृद्धजनों को उज्जैन महाकाल ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु भेजने की व्यवस्था कराई गई थी. इस अवसर पर पूर्व कलेक्ट7र, उज्जै न संभाग के पूर्व कमिश्नर सीएम ओएसडीश्री शर्माने कहा कि राजगढ़ में लंबे समय तक कार्य करने के बाद भी कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा स्मरण किए जाने पर यहां आना उनके लिए आत्मीय अनुभव है.

'अंकलजी' की आंखों से होगी किसी की जिंदगी रोशन

अंकलजी के नाम से प्रसिद्ध व्यवसायी आनंद चाण्डक का निधन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 दिसम्बर, का. अंकलजी के नाम से प्रसिद्ध वरिष्ठ सर्राफा व्यवसायी आनन्द स्वरुप चांडक का शनिवार को देवलोकगमन हो गया. सहज, सरल एवं बेहद मिलनसार तथा धार्मिक, सेवाभावी कार्यो मे अग्रणी रहने वाले श्री चांडक के निधन की खबर से मिलने-जुलने वालो, व्यवसाईयों में शोक छा गया. वह संजय, ऋषि और श्यामू चांडक के पिताजी थे. दोपहर के समय कॉपरेटिव बैंक के समीप उनके निवास से अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई जो राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पर पहुंची. बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसाईयों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

पानी निकासी के लिए साल भर तक रखे रहे पाइप

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 27 दिसम्बर, का. राजगढ़ रोड मुक्तिधाम मार्ग पर नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता है, यहां पानी निकासी के लिए लाए गये पाइप साल भर तक जस के तस रखे रहे. आज तक यहां पानी निकासी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है. श्री राधाकृष्ण मंदिर के सामने से मुक्तिधाम मार्ग है. पेयजल सप्लाई के दौरान हालात और भी भयावह होते है. इसी गंदे पानी के बीच से होकर राहगीरों को आना-जाना पड़ता है. मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. यह सबकुछ सामने दिखाई देने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

मृत्यु उपरांत परिजनों ने कराया नेत्रदान

परिजनों द्वारा उनकी इच्छानुसार नेत्रदान करने की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई. इस तरह स्व चांडक की आंखे किसी के जीवन को रोशन कर सकेगी. लायंस क्लब ब्यावरा की पहल एवं सहयोग से माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ स्व. आनंद स्वरूप जी चांडक का नेत्रदान संपन्न कराया गया. नेत्रदान की इस प्रक्रिया को भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने पूर्ण किया. इस पुनीत कार्य में नवज्योति नेत्रदान समिति जीरापुर का विशेष सहयोग रहा. क्लब अध्यक्ष लायन विराग मोदानी ने बताया कि सत्र 2025-26 में लायंस क्लब ब्यावरा द्वारा किया गया यह तीसरा नेत्रदान है. क्लब ने शोक की इस घड़ी में भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए चांडक परिवार का आभार व्यक्त किया है.

संगीत के साथ भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 27 दिसम्बर, सं. श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृषि मंडी परिसर में ग्रामीण क्षेत्र एवं समाजसेवी बालचंद डांगी के तत्वावधान में प्रेम नारायण जी गेहूं खेड़ी वाले के मुखारविंद से श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया. उन्होंने कथा में श्रद्धालुओं की प्रशंसा की पुलिस प्रशासन और कार्याकर्ताओ की सराहना की.

कथा स्थल टेंट 1 लाख स्क्वायर फीट का भी टेंट जगह कम लगी लगी इतनी अधिक संख्या में लोगों के पंडाल में बैठकर शांतिपूर्वक कथा को सुनना अपने आप में एक मिसाल है तथा कथा के उपरांत भारी भीड़ को संभालने में पुलिस और कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया.

धूमधाम से मनेगी प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ

छापीहेड़ा 27 दिसम्बर, सं. विशाल हिंदू सम्मेलन एवं रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ आयोजन के तत्वाधान में नगर में होने जा रहे दस दिवसीय आयोजन के अंतर्गत 25 दिसंबर 2025 को नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पर महिलाओं द्वारा मातृसम्मेलन का आयोजन हुआ. आयोजन की अध्यक्ष, वैश्य महा सम्मेलन संभाग प्रभारी, केवल्य दौलाज आश्रम की अध्यक्ष ,मेडतवाल केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्राफ का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ. उन्होंने बताया कि समाज निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण होती है. अपने उद्बोधन में कहा कि, मर्यादापुरुषोतम भगवान श्री राम कुटुंब प्रबोधन के सबसे अच्छे उदाहरण है. इस अवसर पर मुख्य अथिति छापीहेड़ा थाना प्रभारी संगीता शर्मा के साथ विशेष अतिथि एडवोकेट सुश्री मंशाली टांक एवं समस्त मातृशक्ति उपस्थित रही.

सांसद ने कहा हर खिलाड़ी विजेता है, अपने अंदर की खूबियों को पहचानो

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 25 दिसम्बर, का. सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ. इस अवसर पर अलग-अलग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. समापन समारोह का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. लोकसभा समन्वयक मितेश व्यास ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य अंतिम गांव तक छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें मंच प्रदान करना है. जिले में आयोजित खेल कार्यक्रम के अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विज़न खेलेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया के अनुरूप पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देना आवश्यक है. इस मौके पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है. वहीं सांसद रोडमल नागर ने कहा कि यह आयोजन खिलाड़ियों के हौसलों को पंख देने वाला है. सांसद ने दिव्यांग खिलाड़ियों का विशेष किया. कार्यक्रम में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे. अंत में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती निधि भारद्वाज के योगदान की सराहना की गई. सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, योगा, गिल्ली-डंडा, नींबू रेस, 100 मीटर दौड़ सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. दिव्यांग वर्ग के लिए भी विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की गई.

अनदेखी सारंगपुर के न्यू बस स्टैण्ड पर मौजूद रैन बसेरा में सुविधा के नाम पर बिछाने को चद्दर तक नहीं

नाम का रैन बसेरा, मुसाफिरों के लिए सुविधा नहीं

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 27 दिसम्बर, सं. नगर में आज से करीब 7 सात वर्ष पूर्व न्यू बस स्टेण्ड पर नगर पालिका परिषद द्वारा रेन बसेरा बना तो दिया गयाा किंतु सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नजर नहीं आता है, जिससे रेन बसेरा का लाभ मुसाफिरों को नहीं मिल पा रहा है. यह रेन बसेरा मात्र कागजों तक ही सिमटकर रह गया है.

गौरतलब है कि सारंगपुर नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग सात वर्ष पूर्व नगर के न्यू बस स्टेण्ड पर बाहर से आने वाले मुसाफिरों के लिए रात्रि में रुकने के लिए रेन बसेरा स्थापित किया गया. ताकि नाममात्र शुल्क पर मुसाफिर यहां रात्रि विश्राम कर सके, लेकिन इसका लाभ मुसाफिरों को नहीं मिल सका.

बदहाली की भेंट चढ़ा रैन बसेरा

प्राय: रेन बसेरा में बाहर से आने-जाने वाले मुसाफिरों को रात्रि विश्राम की सुविधा होती है, जहां वह रुक सकते है. सारंगपुर में भी नपा द्वारा रेन बसेरा स्थापित तो किया गया किंतु कोई सुविधा रेन बसेरा में नहीं जुटाई गई. न तो यहां मुसाफिरों के लिए सोने की व्यवस्था है और न ही ओढ़ने, बिछाने की कोई सुविधा. ऐसे में रेन बसेरा का औचित्य ही क्या रह जाता है.

कागजों में चल रहा रैन बसेरा

सारंगपुर में नगर पालिका परिषद द्वारा बाहर से आने-जाने वाले मुसाफिरों को रात्रि में रुकने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रेन बसेरा स्थापित किया गया. शुरुआत में नपा द्वारा यहां एक फ्रिज तक रखा गया. कुछ पलंग रखे किंतु धीरे-धीरे सबकुछ नदारद हो गया. अब न ता यहां फ्रिज है और न ही कोई पलंग है. कोई सुविधा नहीं होने से इसका लाभ मुसाफिरों को नहीं मिल सका.

हांलाकि कागजों में यह रेन बसेरा संचालित है. कोई सुविधा नहीं होने से मुसाफिर यहां रुकने के बारे में सोचते भी नहीं है. जबकि हर दिन सारंगपुर बस स्टेण्ड पर बड़ी संख्या में बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों का जमघट रहता है. कई रात्रि में यहां पहुंचते है तो उनको मजबूरी में अधिक दाम देकर धर्मशाला, लॉज में ठहरना पड़ता है यदि रेन बसेरा में ही सुविधा रहे तो फिर मुसाफिर यहां रुकने के बारे में सोचेंगे.

ब्यावरा में साकार रूप नहीं ले सका रेन बसेरा

नगर पालिका परिषद ब्यावरा द्वारा योजना के तहत रेन बसेरा बनाने हेतु प्रक्रिया शुरु की गई. किंतु यह धरातल पर नहीं उतर सकी. कागजों में ही योजना ने दम तोड़ दिया. सूत्रो के अनुसार वर्ष 2019 के दौरान रेन बसेरा के लिए 30 से 32 लाख रुपये की राशि भी शासन की और से प्राप्त होना बताया जाता है. बस स्टेण्ड परिसर में जगह देखी गई थी किंतु बाद में पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां रेन बसेरा का निर्माण नहीं हो सका. इस तरह जगहाभाव के कारण रेन बसेरा धरातल पर नहीं आकर कागजों में ही सिमट कर रह गया.

फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में हुई दो दिवसीय प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 27 दिसम्बर, सं. नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दिनांक 26 दिसम्बर शुक्रवार से दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन का शुभारंभ ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी सुरेश बिरमाल के द्वारा सरस्वती पूजा से किया गया. मुख्य अतिथि श्री बिरमाल ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक जीवन में अनुशासन अपनाने की बात कही. आयोजन में संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने विद्यार्थियों को खेल भावना से खेल खेलने की सीख दी. संस्था प्राचार्य ने बच्चों के मन में खेल के प्रति उत्साह जागृत किया. खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को चार समूह में बांटा गया है जो कि विवेकानंद हाउस, रामानुजन हाउस, टैगोर हाउस एवं सरदार पटेल हाउस के नाम से अंकित है. इन्हीं चार समूह के बीच खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी ,खो-खो, गोला फेक , भाला फेक ,100 मीटर, 200 मीटर , 300 मीटर ओर 400 मीटर दौड़ के साथ क्रिकेट, बॉस्केटबॉल जैसे कई खेलों को शामिल किया गया. आयोजन के प्रथम दिवस में मुख्य रूप से संस्था प्रबंधक अशोक चावड़ा ,विनय मकोडिया, मनीष सोलंकी के साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.